प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– बिजनौर।

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2018–19 / 1018 दिनांक 01.05.19

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना हैं कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 02.04.2019 से 04.04.2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये (विवरण संलग्नक)। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

संलग्नक– यथोक्त।

भवदीय,

01.5.19

(आर0एस0 गुप्ता)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / सहारनपुर / 2018–19 / तददिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बिजनौर, उ0प्र0।
4. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद, उ0प्र0।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बिजनौर, उ0प्र0।

(डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–आयुष

प्रेषक,

मिशन निदेशक,
राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन,
19–ए, विधान सभा मार्ग, लखनऊ।

सेवा मे,

मुख्य चिकित्सा अधिकारी,
जनपद– बिजनौर।

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / बिजनौर / 2018–19 / दिनांक 01.05.19

**विषय : सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा चिन्हित गैप्स / समस्याओं के निराकरण के सम्बंध में।**

**महोदय,**

अवगत कराना हैं कि राज्य स्तरीय सहयोगात्मक पर्यवेक्षण टीम द्वारा दिनांक 02.04.2019 से 04.04.2019 के मध्य आपके जनपद में चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर किये जाने के उद्देश्य से भ्रमण किया गया था।

भ्रमण दल द्वारा चिकित्सा इकाईयों पर प्रदान की जा रही सेवाओं में सुधार लाने हेतु सुझाव सम्बंधित इकाईयों के प्रभारियों तथा जनपदीय टीम को दिये गये (विवरण संलग्नक)। कृपया भ्रमण दल द्वारा इंगित कमियों को एवं दिये गये सुझावों के सम्बंध में कृत कार्यवाही से शीघ्र ही अधोहस्ताक्षरी को अवगत करायें।

भवदीय,

**संलग्नक– यथोक्त।**

(आर0एस0 गुप्ता)
अपर मिशन निदेशक

पत्र संख्याः एस0पी0एम0यू0 / एस0एस0भ्रमण / सहारनपुर / 2018–19 / 1018-6 तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. महानिदेशक प0क0, उ0प्र0, लखनऊ।
2. मण्डलीय अपर निदेशक, चिकित्सा स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, मुरादाबाद मण्डल, उ0प्र0।
3. जिला अधिकारी / अध्यक्ष जिला स्वास्थ्य समिति, बिजनौर, उ0प्र0।
4. समस्त महाप्रबन्धक / उप महाप्रबन्धक, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन, उ0प्र0, लखनऊ।
5. मण्डलीय कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, मुरादाबाद, उ0प्र0।
6. जिला कार्यक्रम प्रबन्धक, एन0एच0एम0, बिजनौर, उ0प्र0।

(डॉ0 मनोज कुमार शुक्ल)
महाप्रबन्धक–आयुष

# जनपद बिजनौर की सपोर्टिव सुपरविजन विजिट आख्या

## भ्रमण अवधि– दिनांक 02.04.2019 से 04.04.2019

## राज्य स्तरीय टीम

1. श्री सौरभ तिवारी, सलाहकार, आर0के0एस0के0।
2. श्री विनीत श्रीवास्तव, कार्यक्रम समन्वयक, आयुष।

मिशन निदेशक, एन0एच0एम0 द्वारा दिये गये निर्देश के क्रम में उपरोक्त टीम द्वारा दिनांक 02–04 अप्रैल 2019 के मध्य जनपद बिजनौर का भ्रमण कर एल–3, एल–2 व एल–1 स्तर की स्वास्थ्य इकाईयों, नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र तथा स्कूलों में संचालित आर0के0एस0के0/आर0बी0एस0के0 कार्यक्रम व सामुदायिक गतिविधियों का अवलोकन किया गया। भ्रमण रिपोर्ट निम्नानुसार है–

**अपर मुख्य चिकित्साधिकारी–आर0सी0एच0, जनपद बिजनौर के साथ बैठक में निम्नवत् बिन्दु प्रकाष में आये –**

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| 1. जनपद में जिला कार्यक्रम प्रबंधक का पद रिक्त है एवं सुश्री पुनम, डी0सी0पी0एम0 महोदया द्वारा डी0पी0एम0 का अतिरिक्त कार्यभार निभाया जा रहा है। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक की नवीन नियुक्ति की आवश्यकता है। | महाप्रबंधक मानव संसाधन |
| 2. उपकेन्द मण्डावली का भवन जर्जर अवस्था में है। विद्युत व्यवस्था समुचित रूप मे नही है। औषधियां, उपकरण एवं फर्नीचर आदि की कमी है। | उपकेन्द्र के मरम्मत का प्रस्ताव मु0चि0अधिकारी को प्रेषित किया जाये। आवश्यक उपकरण एवं औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाई / डी0सी0पी0एम0 |
| 3. वित्तीय वर्ष 2018–19 में जनपद बिजनौर में कुल 13 वाहन सहयोगात्मक पर्यवेक्षण हेतु अनुबंधित किये गये थे किन्तु वर्तमान तक राज्य स्तर पर अनुबंध की प्रति एवं वाहनो की सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध नही करायी गयी। | वित्तीय वर्ष 2018–19 एवं 2019–20 के अनुबंध की प्रति एवं वाहनो की सूचना राज्य स्तर पर उपलब्ध करायी जाये। | ए0सी0एम0ओ0–आर0सी0एच0 / जिला कार्यक्रम प्रबंधक इकाइ |
| 4. वित्तीय वर्ष 2018–19 में जनपद बिजनौर में कुल 13 सहयोगात्मक पर्यवेक्षण के वाहन उपलब्ध हाने के उपरांत एक भी भ्रमण आख्या / चेकलिस्ट http://www.upnrhm.gov.in के पोर्टल पर अपलोड नही है। | समस्त अधिकारी / कर्मचारी की भ्रमण आख्या , समयोगात्मक पर्यवेक्षण की आख्याएं पोर्टल पर अपलोड करायी जाये। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 5. सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की चेकलिस्ट RMNCHA पोर्टल पर अपलोड की जाती है परंतु www.upnrhm.gov.in पोर्टल पर District Upload Facility के माध्यम से आख्या अपलोड करने की जानकारी का अभाव है। | राज्य स्तर से समस्त जनपदों को पत्र प्रेषित किया जाना है कि सहयोगात्मक पर्यवेक्षण की चेकलिस्ट RMNCHA पोर्टल पर एवं भ्रमण आख्या http://www.upnrhm. gov.in के पोर्टल पर अपलोड करायें। | महाप्रबंधक अनुश्रवण एवं मूल्यांकन अनुभाग |
| 6. भौतिक आकडों एवं पोर्टल पर अपलोड आकडों में भिन्नता पायी गयी। | डाटा आडिट की आवश्यकता है। ऑकड़ों की नियमित समीक्षा की जाए। भिन्नता को सुधार कर पोर्टल पर अपलोड कराया जाये। | जनपदीय लेखा प्रबन्धक एवं समस्त ब्लाक लेखा प्रबन्धक |
| 7. वित्तीय वर्ष 2018–19 में जनपद बिजनौर में जिला स्वास्थ्य समिति की 12 के सापेक्ष 01 **कार्यकारी निकाय** एवं 12 के सापेक्ष 07 **शासी निकाय** की बैठको के कार्यवृत्त पोर्टल पर अपलोड की गयी है। ए0सी0एम0ओ0 आ0सी0एच0 द्वारा सूचित किया गया कार्यकारी निकाय की बैठकें आयोजित की गयी है।<br>8. वित्तीय वर्ष 2018–19 में जनपद बिजनौर में जिला आडिट कमिटी के कार्यवृत्त पोर्टल पर अपलोड नही किये गये है। | यदि बैठकें आयोजित की गयी है एसी दशा में कार्यवृत्त अपलोड कराया जाये एवं भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न हो। | जिला कार्यक्रम प्रबंधक |
| 9. प्राथमिक विद्यालय मण्डावली में कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया था किन्तु रजिस्टर समुचित रूप में भरे नही पाये गये। WIFS के अन्तर्गत पिंक एवं ब्लू आयरन की गोलियां उपलब्ध पायी गयी किन्तु | टीम द्वारा प्रभारी अध्यापक को कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप दिवस में रजिस्टर पर Single & Double Tick अंकित करने के संबंध में अवगत कराया | डी0आई0सी0 मैनेजर / प्रभारी अध्यापक / ए0एफ0एच0सी0 परामर्शदाता |

| | | |
|---|---|---|
| अभिलेख / रिपोर्ट को अद्यतन नही थे। | गया। अभिलेखों को अद्यतन करने का सुझाव दिया गया। | |
| 10. कई 102 एम्बुलेन्स व 108 एम्बुलेन्स में हूटर खराब, पाये गये । औषधियां, बी0पी0 मापक यंत्र उपलब्ध नहीं थे। ए0सी0 भी खराब पाये गये। कई मरीजों से वार्ता के कम में टीम को जानकारी प्राप्त हुयी की एम्बुलेन्स चालको / पायलट द्वारा रू0 300 की वसूली की जाती है। | चिकित्सा इकाई के प्रभारियों द्वारा नियमित रुप से एम्बुलेन्स के रखरखाव, औषधियों की उपलब्धता एवं लागबुक की जॉच की जाये। धन उगाही की मौखिक शिकायत के | महाप्रबंधक ई0एम0टी0 / चिकित्सा अधीक्षक / ई0एम0ई |
| 11. जनपद स्तर से समस्त स्वास्थ्य इकाईयों (शहरी व ग्रामीण) पर मुद्रित समस्त रजिस्टर, प्रपत्र, फालोअप कार्ड्स, वाउचर्स, प्रमाणपत्र व आई0ई0सी0 सामग्री पोस्टर्स, पम्पलेट्स के साथ दिवार लेखन हेतु अपडेटेड आई0ई0सी0 उपलब्ध करा दिये जाये। | | मुख्य चिकित्साधिकारी / जिला कार्यक्रम प्रबधक |
| 12. ब्लाक नजीबाबाद, तैनात ब्लाक लेखा प्रबंधक की तैनाती 02 ब्लाक में 03–03 कार्यदिवस के लिये की गयी है परंतु ब्लाक लेखा प्रबंधक प्रायः अनुपस्थित रहते है जिससे कार्य सुचारू रूप से संपादित नही हो पा रहें है। ब्लाक कार्यक्रम प्रबंधक एवं अन्य द्वारा कई बार शिकायत के पश्चात भी बैम नही आते। ब्लाक नजीबाबाद में 1.5 वर्ष पूर्व का जे0एस0वाई0 भुगतान लम्बित पाया गया। | ए0सी0एम0ओ0–आर0सी0एच0 द्वारा अवगत कराया गया कि ब्लाक लेखा प्रबंधक 03 कार्यदिवस ब्लाक नजीबाबाद मे उपस्थित रहकर कार्य करेगें एवं समस्त लम्बित भुगतान समाप्त करेगें। | ए0सी0एम0ओ0–आर0सी0एच0 |

## सामुदायिक गतिविधियॉ : ग्राम स्वास्थ्य एवं पोषण दिवस सत्र।

उपकेन्द्र– भागूवाल, ब्लाक– नाजीबाबाद।
सम्पर्क : ए.एन.एम.–श्रीमती सरवेश गौतम।

टीम द्वारा वी0एच0एन0डी0 सत्र का अवलोकन किया गया। सामुदायिक स्तर की गतिविधियों के आकलन हेतु टीम द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुरुप विभिन्न विधाओं के सेवाप्राप्त 05 लाभार्थियों से सम्पर्क किया गया।

- **उपकेन्द्र की इमारत बहुत जरजर अवस्था मे है। विगत् 05 वर्षो से इमारत मे कुछ नही किया गया। उपकेन्द्र में न तो बिजली है और न ही पानी है। उपकेन्द्र में बाउन्डरी भी नही है । ग्राम प्रधान अयूब से दूरभाष संख्या 9411225358 से सम्पर्क नही हो सका किन्तु उनके सहयोग से उपकेन्द्र का सुदढीकरण क़राने की आवश्यकता है।**
- ए0एन0सी0 एवं0 पी0एन0सी0 चेकअप की व्यवस्था थी परंतु चेक अप हेतु उचित स्थान उपलब्ध नहीं था।
- माइक्रोप्लान उपलब्ध नही था।
- हाई रिस्क प्रेगनेन्सी रजिस्टर उपलब्ध नहीं था। प्रसूती रिकार्ड, लक्षित दम्पत्ति सूची, आदि उपलब्ध नहीं पायी गयी।
- बच्चो व वयस्कों की बजन मशीन उपलब्ध थी। पन्चर प्रुफ वाक्स, जिंक, ओ0आर0एस0, MBI Kit, Sanitary napkin, यूरिन टेस्ट किट एवं ब्लड टेस्ट किट उपलब्ध नही थी।
- सत्र स्थल पर गर्भनिरोधक सामग्री एक–दो पैकट उपलब्ध था, किन्तु वितरण नहीं किया जा रहा था।
- कुपोषित बच्चों के परीक्षण के लिये एम0यू0ऐ0सी0 टेप उपलब्ध था, किन्तु उसका उपयोग नहीं किया जा रहा था।
- बी0सी0जी0 का टीका उपलब्ध नही पाया गया।
- ब्लाक में अधिकाश माताओं में खून की कमी होने के पश्चात भी सीवियर एनीमिक की लाइन लिस्टिंग नही की जा रही है।
- टीम द्वारा जब माता रूपा से प्रसव संबंधी वार्ता की गयी तो ज्ञात हुआ कि एम्बुलेन्स नही आती एवं पी0एच0सी0 में प्रसव कराने में असमर्थता व्यक्त करने के कारण उन्होने प्राइवेट प्रसव कराया। अन्य माताओं को न तो एम0सी0टी0एस0 नम्बर दिया गया एवं न ही स्वास्थ्य संबंधी कोई जानकारी प्रदान की गयी।
- सनैटरी नैपकिन विगत् 01 वर्ष से उपलब्ध नही है।

## नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र– नजीबाबाद, बिजनौर–

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| चिकित्सालय में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी परन्तु स्थान अत्यंत कम है। ए0एन0सी0 चेकअप हेतु समुचित स्थान नही है। टीम को अवगत कराया गया कि दिनांक 18.3.19 को डा0 रोहतास, ए0सी0एम0ओ0 एवं पूर्व मुख्य चिकित्साधिकारी महोदय ने भी बिल्डिंग को बदलने का सुझाव दिया है। | | |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। | 5'5 मैट्रिक्स जनपद से प्राप्त कर उपयुक्त स्थानों पर लगाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| मानव संसाधन / अन्य | | |
| चिकित्सा इकाई में डा0 मधु करनवाल एवं डा0 ए0के0 गर्ग कुल 02 चिकित्सक, 02 स्टाफ नर्स एवं 06 ए0एन0एम0 तैनात है। चकित्सालय में तैनात समस्त स्टाफ के प्रशिक्षण कराये जाने की आवश्यकता है। | आगामी सत्रो में प्रशिक्षण कराया जाये। | अरबन कोआर्डिनेटर |
| आई0ई0सी0:– | | |
| कार्यक्रमों से संबंधित विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। जो आई0ई0सी0 डिस्प्ले की गयी थी वह पर्याप्त नहीं थी। | अपडेटेड आई0ई0सी0 डिस्प्ले करने का सुझाव दिया गया। विभिन्न कार्यक्रमों यथा जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम, टीकाकरण, बाल स्वास्थ्य, परिवार नियोजन आदि की उपलब्ध सुविधाओं व सेवाप्रदाताओं का विवरण, फैमिली प्लानिंग इण्डेमनिटी स्कीम आदि का वाल पेन्टिंग के माध्यम से डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा प्रभारी |
| परिवार नियोजन– | | |
| स्टाफ नर्स द्वारा गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण किया जा रहा है। होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के तहत आशाओं को गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण नहीं किया जा रहा है। | होम डिलीवरी आफ कन्ट्रासेप्टिव स्कीम के दिशा निर्देशों का भली भांति अध्ययन किया जाये व प्रत्येक आशा की मांग के अनुरूप गर्भनिरोधक सामग्री का वितरण आशाओं को नियमित रूप से किया जाय। | अरबन कोआर्डिनेटर<br>चिकित्सा प्रभारी |
| मातृत्व स्वास्थ्यः– | | |
| गर्भवती महिलाओं की सूची उपलब्ध थी परंतु एच0आर0पी0 रजिस्टर, सुरक्षित मातृत्व पुस्तिका, एनीमिक की सूची उपलब्ध नहीं थी। टीका करण कक्ष के बाहर प्रचार–प्रसार सम्बन्धी प्रदर्शन नहीं था। | मानक अनुसार अभिलेख बनाने का सुझाव दिया गया। आई0ई0सी0 सामग्री को यथा स्थान पर प्रदर्शित किया जाये। | स्टाफ नर्स<br>चिकित्सा प्रभारी |
| नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र के डिलिवरी कक्ष जल का रिसाव होने के कारणवश डिलिवरी नही करायी जा रही है। केन्द्र पर डिलिवरी हेतु कैलिस पैड , मैकिन्टोस इत्यादि भी उपलब्ध नही है। | बिल्डिंग को बदलने तक रिपेयरिंग इत्यादि कराकर डिलिवरी आवश्यक उपकरण एवं अन्य सामान उपलब्ध कराया जाये। | अरबन कोआर्डिनेटर |

## सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र –नजीबाबाद,

सम्पर्क अधिकारी– डा0 सर्वेश निराला, चिकित्सा अधीक्षक।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| मानव संसाधन | | |
| चिकित्सा इकाई में 05 चिकित्सक, 01 स्टाफ नर्स, 3 फर्मासिस्ट एवं 01 चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी तैनात है। 01 एल0एम0ओ0 चिकित्सक तैनात है किन्तु प्रसव नही कराये जाते है। सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र होने के उपरांत बी0पी0एम0यू0 यूनिट पी0एच0सी0 में स्थापित है एवं सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का वाहन भी पी0एच0सी0 में तैनात चिकित्सक को दिया गया। परिसर में मात्र 01 सफाई कर्मी है जबकि कम से कम 03 की आवश्यकता | सफाई कर्मचारियों की तैनाती हेतु अग्रेतर कार्यवाही की जाये। | मुख्य चिकित्सा अधिकारी / डी0पी0एम0यू0 |

| | | |
|---|---|---|
| है। | | |
| रोगियों से हुयी वार्ता के कम में ज्ञात हुआ कि चिकित्सक / स्टाफ का व्यवहार उनके प्रति अभद्रतापूर्वक रहता है। मानक अनुसार न तो टैक्नीशियन, आशाएं एवं न ही एक्स–रे टैक्नीशियन द्वारा ग्लव, ड्रेस या जैकेट आदि पहने की प्रवृति पायी गयी। | स्टाफ द्वारा अपने व्यवहार में सुधारन लाने एवं मानक अनुसार ड्रेस आदि पहनने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सक / स्टाफ |
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| परिसर में साफ–सफाई व्यवस्था संतोषजनक पायी गयी। इमारत की बाउन्डरी पर वाल टूटी हुयी है। परिसर में स्टाफ क्वाटर भी जर्जर अवस्था में पाये गये। | स्टाफ क्वार्ट एवं बाउण्डी वाल की मरम्मत करायी जाये। | चिकित्सा अधीक्षक मु0चि0अधि0 |
| रोगी कल्याण समिति के 05 लाख व्यय किये गये है किन्तु रोगी कल्याण समिति की बैठक, कार्यवृत्त एवं रजिस्टर नही है। | चिकित्सा प्रभारी समस्त अभिलेखों को अद्यतन कराना सुनिश्चित करें। | चिकित्सा अधीक्षक |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन किया गया था। हेल्पडेस्क की व्यवस्था नहीं थीं। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने तथा हेल्पडेस्क की नियमानुसार व्यवस्था की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिसर के अन्दर शिकायत पेटिका नहीं पायी गयीं। शिकायत निवारण कमेटी का गठन रिकार्ड भी उपलब्ध नही था। | शिकायत पेटिका लगवाने का एवं शिकायत निवारण कमेटी का गठन व रिकार्ड मेण्टेन करने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में पावर बैक अप हेतु जेनरेटर की कोई व्यवस्था नही है। मात्र दो बैटी उपलब्ध नही है। | जेनरेटर की व्यवस्था हेतु मु0चि0अधि0 को डिमाण्ड प्रेषित की जाये।साथ ही मु0चि0अधि0 महोदय द्वारा डिमाण्ड के अनुरूप नियमानुसार अग्रेतर कार्यवाही की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक मु0चि0अधि0 |
| चिकित्सालय में बी0एम0डब्लू0 के कान्ट्रैक्ट की प्रति उपलब्ध नही थी। जिससे संस्था द्वारा दियें जाने वाले कन्जयूमेंबिल्स के संबध में जानकारी नही थी। | बी0एम0डब्लू0 के कान्ट्रैक्ट की प्रति की चिकित्सालय में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में digital Xray, semi auto analyser इत्यादि मशीने इन्सटाल न होने के कारण निश्प्रयोज्य है। | मु0चि0अधि0 को अवगत कराकर मशीनों का इस्टालेशन ससमय करा लिया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक मु0चि0अधि0 |
| वार्ड में बेड खराब हो गये है जिन्हे मरम्मत कराये जाने अथवा बदलने की आवश्यकता है। साथ ही बेड साइड लाकर, ड्रिप स्टैण्ड इत्यादि की भी वार्ड में उपलब्ध नही पाये गये। | बेड साइड लाकर, ड्रिप स्टैण्ड इत्यादि की वार्ड में उपलब्धता सुनिश्चित की जाये साथ ही नये बेड हेतु इण्डेन्ट किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| स्टोर में मेडिसिन का रख रखाव समुचित रूप से नही किया गया था। | मेडिसिन का रख रखाव लेबिलिंग कंर समुचित रूप से किया जाये । | चिकित्सा अधीक्षक फार्मासिस्ट |
| आई0ई0सी0ः–परिसर में भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नही थी।पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त करयथास्थान डिस्प्ले कराया जाये।<br>गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले किया जाये व किसी भी गर्भवती महिला से पंजीकरण शुल्क न लिये जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |
| बायोमेडिकल वेस्ट– | | |
| चिकित्सालय में कलर कोडेड Bins उपलब्ध नही थीं। जो डस्ट बिन उपलब्ध थी उनमें अलग–अलग रंग की पॉलीथिन नहीं थी। बायो मेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित स्टाफ का ओरिएण्टेशन कराये जाने की आवश्यकता है। | बायोमेडिकल वेस्ट मैनेजमेण्ट पर सम्बन्धित समस्त स्टाफ का अभिमुखीकरण कराये जाने व Colour Coded Bins की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |

| | | |
|---|---|---|
| ...ा– | | |
| ...शाला में साफ–सफाई व संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स ...लो नहीं किये जा रहे थे। | साफ–सफाई व संक्रमण से बचाव के प्रोटोकाल्स फालो किया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक / लैब टेक्निशियन |
| एक्स रे कक्ष– | | |
| एक्स रे कक्ष में साफ–सफाई का अभाव था। भ्रमण के दौरान एक्स–रे टेक्नीशियन द्वारा लेड अप्रेन का प्रयोग नहीं किया जा रहा था। वाटर टैंक, फिल्म कैसेट 10/12 एवं 12/15 की आवश्यकता है। | लेड अप्रेन का प्रयोग किया जाये तथा आवश्यक सामग्री की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | चिकित्सा अधीक्षक / एक्सरे टेक्निशियन |
| मातृत्व स्वास्थ्यः– | | |
| समु0स्वा0केन्द्र नजीबाबाद में प्रसव हेतु वयवस्थायें एवं महिला चिकित्सक तैनात होने के उपरांत भी प्रसव नही कराया जा रहा है। | एस0बी0ए0 प्रशिक्षित महिला चिकित्सक की तैनाती सी0एच0सी0 में प्रसव की सुविधा उपलब्ध करायी जाये। | मुख्य चिकित्साधिकारी |
| औषधिया / उपकरणः– | | |
| चिकित्सालय में कयी औषधियों उपलब्ध नही पायी गयी। चिकित्सालय मे Tab Albendazole, IFA Tab & Syrp., Digital Theromometer, ORS, Inj Tetanus Toxoid Antirabis आदि उपलब्ध नही है। चिकित्सालय में आयरन की गोलियां काफी समय से प्राप्त नही हुयी है। | उपकरण एवं औषधियों हेतु सी0एम0एस0डी0 से समन्वय कर उपलब्धता सुनिशिचित की जाय। | चिकित्सा अधीक्षक |
| परिवार नियोजन– | | |
| कण्डोम बाक्स उपलब्ध नही था। | औषधि वितरण कक्ष के बाहर कण्डोम बाक्स लगवाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| गर्भनिरोधक साधनों का स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन नहीं किया जा रहा है। आई0यू0सी0डी0 विगत माह से उपलब्ध नहीं था। | तीन माह का बफर स्टाक रखते हुए समय पर जनपद से मांग की जाए। | चिकित्सा अधीक्षक |
| रोगियों से हुई वार्ताः– | | |
| वार्ड में भर्ती रागी श्री सौरभ जो कि अध्यापक है, से टीम की हुयी वार्ता के क्रम में ज्ञात हुआ उनका इलाज कर रहे है किन्तु दवाएं सब बाहर से लेनी पडती है। | चिकित्सक सर्वप्रथम औषधियों की उपलब्धता सुनिश्चित करे एवं प्रयास करे की रोगियों को बाहर की दवाएं न लिखें। | चिकित्सा अधीक्षक |

संलग्न– चेकलिस्ट।

## प्राथमिक विद्यालय मण्डावली,

सम्पर्क अधिकारी–अध्यापिका – श्रीमती केव सिंह।

प्राथमिक विद्यालय मण्डावली का भ्रमण कर आर0बी0एस0के0 टीम गतिविधियों का अवलोकन किया गया। विद्यालय में कुल 213 विद्यार्थी पाये गये। विफ्स नोडस से रिकार्ड व मेडिसीन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। पुराने प्रिण्टेड रिकार्ड भरे जा रहे थे।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| • प्राथमिक विद्यालय मण्डावली में कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया था किन्तु रजिस्टर समुचित रूप में भरे नही पाये गये। WIFS के अन्तर्गत पिंक एवं ब्लू आयरन की गोलियां उपलब्ध पायी गयी किन्तु अभिलेख / रिपोर्ट को अद्यतन नही थे।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा कभी भी निरीक्षण न किये जाने की जानकारी प्राप्त हुयी। रिकार्ड व बैनर वर्तमान वित्तीय वर्ष के नहीं थे।<br>• बच्चों के बीच दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। बच्चों को जानकारियाँ भी थीं। | टीम द्वारा प्रभारी अध्यापक को कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप दिवस में रजिस्टर पर Single & Double Tick अंकित करने के संबंध में अवगत कराया गया। अभिलेखों को अद्यतन करने का सुझाव दिया गया।<br><br>ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0 द्वारा टीम के सम्मुख डी0आई0सी0 मैनेजर को निर्देशित किया गया कि सबंधित टीम से उत्तर लेते हुये तुरत भ्रमण किया जाना सुनिश्चित करें। | डी0आई0सी0 मैनेजर / प्रभारी अध्यापक |
| • अपातकालीन स्थिति हेतु विद्यालय में चिकित्सालय / चिकित्सक के नम्बर उपलब्ध नही थे और न ही लिखे पाये गये। | टीम द्वारा नम्बर उपलब्ध कराके वाल पेटिंग कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी अध्यापक |
| • प्रधानाचार्या उपस्थित नही पायी गयी एवं अध्यापिका को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अभाव प्रतीत हुआ। | प्रधानाचार्या एवं अध्यापक / अध्यापिकाओं का अभिमुखीकरण करने की आवश्यकता है। | मुख्य चिकित्साधिकारी / नोडल आर0एम0सी0एच0 |

संलग्न– चेकलिस्ट।

## उपकेन्द्र – मण्डावली

सम्पर्क ए0एन0एम0– श्रीमती अबीदा खातुन।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| उपकेन्द परिसरः– | | |
| साफ–सफाई व दीवारों की रंगाई–पुताई की आवश्यकता है। इमारत की छत कयी स्थानो से टूटी पायी गयी एवं सुदढीकरण की आवश्यकता है। परिसर में गेट टूटा हुआ रखा पाया गया। बिजली की व्यवस्था ए0एन0एम0 द्वारा व्यक्तिगत रूप से ली गयी है। औषधियां, उपकरण एवं फर्नीचर आदि की कमी है। कमरे के अंदर ए0एन0एम0 की स्कूटी खडी पायी गयी एवं कण्डोम बाक्स अलमारी में रखा पाया गया। उपलब्ध इन्वर्टर की बैटरी खराब है। | परिसर की साफ–सफाई व दीवारों की मरम्मत एव रंगाई–पुताई एवं सुदढीकरण अतिशीघ्र कराया जाये। ए0एन0एम0 को प्रत्येक सामग्री यथास्थान रखने का सुझाव दिया गया। विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। | सम्बन्धित अधिकारी / ए0एन0एम0 |
| आई0ई0सी0:– | | |
| भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 की उपलब्धता सुनिश्चित कर यथास्थान डिस्प्ले कराया जाये। | ए0एन0एम0 बी0सी0पी0एम0 |
| प्रसव कक्षः– | | |
| लेबर रूम में ट्रेज, कैलिस पैड, मैकिन्टोज, डिलिवरी किट इत्यादि तथा एस0बी0ए0 प्रोटाकालपोस्टर्स, पर्दे आदि उपलब्ध | सक्षम अधिकारी द्वारा उपकेन्द्र का भ्रमण कराकर आवश्यक औषधियों एवं उपकरण का आकलन किया | मु0चि0अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| पाये गये। | जाये एवं तदानुसार उपलब्धता सुनिश्चित की जाये। | |
| ए0एन0सी0:– गर्भवती महिलाओं को दी जाने वाली समस्त सेवाओं की जानकारी ए0एन0एम0 को नहीं थी। | ए0एन0एम0 को जानकारी दी गई व सहायक सामग्रियों का नियमित अध्ययन करने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| परिवार नियोजन– | | |
| गर्भनिरोधक साधनों को स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन नहीं किया जा रहा है। | गर्भनिरोधक साधनों को स्टॉक निर्धारित फार्मेट पर मेन्टेन करने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| गर्भनिरोधक सामग्रियॉ कण्डोम, माला–एन, आई0यू0सी0डी0 पिछले एक माह से उपलब्ध नहीं है। | तीन माह का बफर स्टाक रखते हुए समय पर जनपद से मांग की जाये। | |
| आशाओं को योजनाओं एवं दी जाने वाली प्रोत्साहन राशियों की पूर्ण जानकारी नहीं थी। | बी0सी0पी0एम0 व एच0ई0ओ0 आदि के माध्यम से समस्त योजनाओं के बारे में आशाओं का क्षमता वर्द्धन किया जाए। | बी0सी0पी0एम0 व एच0ई0ओ0 |
| रिकार्ड कीपिंग– | | |
| ए0एन0सी0 रजिस्टर, परिवार नियोजन रजिस्टर, स्टाक रजिस्टर, वी0एच0एस0एन0सी0रजिस्टर, सास–बहू सम्मेलन रजिस्टर आदि उपलब्ध नही थे। | समस्त रिकार्ड मेण्टेन करते हुए उपकेन्द्र पर रखने का सुझाव दिया गया। | ए0एन0एम0 |
| वित्त– | | |
| ए0एन0एम0 को विगत वर्षो में उपकेन्द्र हेतु अवमुक्त की गयी कोई भी धनराशि की जानकारी नही थी। | पासबुक अपडेट करवाने एवं उपलब्ध धनराशि का नियमानुसार व्यय करने हेतु निर्देशित किया गया । | बी0सी0पी0एम0ए0ए न0एम0 |

संलग्न– चेकलिस्ट।

## प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र – मण्डावली, (आयुष्मान भारत हैल्थ एण्ड वेलनेस सेन्टर)

सम्पर्क अधिकारी– डा हितेन्द्र कुमार, चिकित्सा प्रभारी।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| चिकित्सालय परिसरः– | | |
| चिकित्सालय के कक्षों के खिडकियों के शीशे एवं जाली टूटे हुये पाये गये। | शीशे एवं जाली को ठीक कराने हेतु सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय के इमरजेंसी कक्ष की फर्श धसी एवं टूटी हुयी है। | कक्ष की फर्श का मरम्मत कराने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| सिटीजन चार्टर डिस्प्ले था। 5'5 मैट्रिक्स डिस्प्ले नहीं था। ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन भर नही किया गया था। | जनपद स्तर से 5'5 मैट्रिक्स प्राप्त करने तथा ई0डी0एल0 का अपडेटेड प्रदर्शन करने का सुझाव दिया गया । | चिकित्सा अधीक्षक |
| चिकित्सालय में कक्षों की दीवारों पर सीलन पाई गयी तथा बिजली के बोर्ड भी खुले हुये पाये। | मरम्मत कराने हेतु निर्देशित किया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| मानव संसाधन | | |
| चिकित्सा इकाई में 02 चिकित्सक, 1 फार्मेसिस्ट, 1 लैब टैक्नीशियन व 1 सफाई कर्मी तैनात है। चिकित्सक का प्रशिक्षण लम्बित है। सहयोगात्मक पर्यवेक्षण का वाहन उपलब्ध है किन्तु भ्रमण नही किये जा रहे है। | चिकित्सकों के प्रशिक्षण की आवश्यकता है एवं नियमित सहयोगात्मक पर्यवेक्षण किया जाये। | चिकित्सा प्रभारी |

## प्राथमिक विद्यालय मण्डावली,

सम्पर्क अधिकारी–अध्यापिका – श्रीमती केव सिंह।

प्राथमिक विद्यालय मण्डावली का भ्रमण कर आर0बी0एस0के0 टीम गतिविधियों का अवलोकन किया गया। विद्यालय में कुल 213 विद्यार्थी पाये गये। विफ्स नोडस से रिकार्ड व मेडिसीन के बारे में जानकारी प्राप्त की गई। पुराने प्रिन्टेड रिकार्ड भरे जा रहे थे।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / कृत सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| • प्राथमिक विद्यालय मण्डावली में कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस आयोजित किया गया था किन्तु रजिस्टर समुचित रूप में भरे नही पाये गये। WIFS के अन्तर्गत पिंक एवं ब्लू आयरन की गोलियां उपलब्ध पायी गयी किन्तु अभिलेख / रिपोर्ट को अद्यतन नही थे।<br>• आर0बी0एस0के0 टीम द्वारा कभी भी निरीक्षण न किये जाने की जानकारी प्राप्त हुयी। रिकार्ड व बैनर वर्तमान वित्तीय वर्ष के नहीं थे।<br>• बच्चों के बीच दवाईयों का वितरण किया जा रहा है। बच्चों को जानकारियाँ भी थीं। | टीम द्वारा प्रभारी अध्यापक को कृमि मुक्ति दिवस एवं मापअप दिवस में रजिस्टर पर Single & Double Tick अंकित करने के संबंध में अवगत कराया गया। अभिलेखों को अद्यतन करने का सुझाव दिया गया।<br><br>ए0सी0एम0ओ0 आर0सी0एच0 द्वारा टीम के सम्मुख डी0आई0सी0 मैनेजर को निर्देशित किया गया कि सबंधित टीम से उत्तर लेते हुये तुरत भ्रमण किया जाना सुनिश्चित करें। | डी0आई0सी0 मैनेजर / प्रभारी अध्यापक |
| • अपातकालीन स्थिति हेतु विद्यालय में चिकित्सालय / चिकित्सक के नम्बर उपलब्ध नही थे और न ही लिखे पाये गये। | टीम द्वारा नम्बर उपलब्ध कराके वाल पेंटिग कराने का सुझाव दिया गया। | प्रभारी अध्यापक |
| • प्रधानाचार्या उपस्थित नही पायी गयी एवं अध्यापिका को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी का अभाव प्रतीत हुआ। | प्रधानाचार्या एवं अध्यापक / अध्यापिकाओं का अभिमुखीकरण करने की आवश्यकता है। | मुख्य चिकित्साधिकारी / नोडल आर0एम0सी0एच0 |

संलग्न– चेकलिस्ट।

## उपकेन्द्र – मण्डावली

सम्पर्क ए0एन0एम0– श्रीमती अबीदा खातुन।

| अवलोकन बिन्दु | सुझाव / सुधारात्मक कार्यवाही | जिम्मेदारी |
|---|---|---|
| उपकेन्द परिसरः– | | |
| साफ–सफाई व दीवारों की रंगाई–पुताई की आवश्यकता है। इमारत की छत कयी स्थानो से टूटी पायी गयी एवं सुदढीकरण की आवश्यकता है। परिसर में गेट टूटा हुआ रखा पाया गया। बिजली की व्यवस्था ए0एन0एम0 द्वारा व्यक्तिगत रूप से ली गयी है। औषधियां, उपकरण एवं फर्नीचर आदि की कमी है। कमरे के अंदर ए0एन0एम0 की स्कूटी खडी पायी गयी एवं कण्डोम बाक्स अलमारी में रखा पाया गया। उपलब्ध इन्वर्टर की बैटरी खराब है। | परिसर की साफ–सफाई व दीवारों की मरम्मत एव रंगाई–पुताई एवं सुदढीकरण अतिशीघ्र कराया जाये। ए0एन0एम0 को प्रत्येक सामग्री यथास्थान रखने का सुझाव दिया गया। विद्युत व्यवस्था सुनिश्चित की जाये। | सम्बन्धित अधिकारी / ए0एन0एम0 |
| आई0ई0सी0:– | | |
| भ्रमण के दौरान समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 उपलब्ध नहीं थी। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 की उपलब्धता सुनिश्चित कर यथास्थान डिस्प्ले कराया जाये। | ए0एन0एम0 बी0सी0पी0एम0 |
| प्रसव कक्षः– | | |
| लेबर रूम में ट्रेज, कैलिस पैड, मैकिन्टोज, डिलिवरी किट इत्यादि तथा एस0बी0ए0 प्रोटाकालपोस्टर्स, पर्दे आदि उपलब्ध | सक्षम अधिकारी द्वारा उपकेन्द्र का भ्रमण कराकर आवश्यक औषधियों एवं उपकरण का आकलन किया | मु0चि0अधिकारी |

| | | |
|---|---|---|
| आई0ई0सी0:– | | |
| समस्त कार्यक्रमों की विभिन्न आई0ई0सी0 समुचित मात्रा में उपलब्ध नही थी। न ही यथा स्थान पर प्रदर्शित की गयी थीं। | विभिन्न कार्यक्रमों की अपडेटेड आई0ई0सी0 जनपद स्तर से प्राप्त कर यथास्थान डिस्प्ले कराये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| पंजीकरण कक्ष के बाहर गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले नहीं था व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क लिया जा रहा था। | गर्भवती महिलाओं के निःशुल्क पंजीकरण का डिस्प्ले करने व गर्भवती महिलाओं से पंजीकरण शुल्क न लिये जाने का सुझाव दिया गया। | चिकित्सा अधीक्षक |
| स्टोर व अन्य बिन्दु | | |
| स्टोर में दवाईयों आदि का रख–रखाव समुचित रूप से नही किया गया रिकार्ड भी अद्यतन नही थे। | अपडेटेड लेबलिंग करने का सुझाव दिया गया। साथ ही स्टाक की नियमित उपलब्धता हेतु बफर स्टाक रखते हुए माँगपत्र प्रेषित करने का सुझाव दिया गया। | चीफ फार्मासिस्ट |
| वार्ड मे बेड साइड लाकर, स्टूल, ड्रिप स्टैण्ड इत्यादि उपलब्ध नही थे। | उल्लिखित वस्तुओं की उपलब्धता सुनिश्चित की जाये , वस्तुएं उपलब्ध न होने की दशा में इण्डेन्ट किया जायें। साथ ही उपलब्ध बेड साइड लाकर, स्टूल, ड्रिप स्टैण्ड को पेंट करा लिया जाये। | चिकित्सा अधीक्षक |

29/4/19
विनीत श्रीवास्तव
कार्यक्रम समन्वयक
एस.पी.एम.यू., एन.एच.एम.

Saurabh 29/4/19
Saurabh Tewari
Technical Consultant
SPMU, NHM